झलक



# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**आसनसोल:** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में शनिवार को विज्ञान, सामाजिक विषय, कंप्यूटर, गणित व कला प्रदर्शनी आयोजित की गयी। इसमें विभिन्न मॉडल्स प्रदर्शित कर छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने फीता काटकर प्रदर्शनी का आगाज किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में कल्पनाशीलता तथा वैज्ञानिक सोच का विकास होता है। सामाजिक विषय के अंतर्गत क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम, अर्थक्विक अलार्म, लेयर्स ऑफ एटमोस्फेयर, सांची स्तूप, न्यू पार्लियामेंट, डीपीएस मॉडल, वॉटर साइकिल आदि को अत्यंत आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कंप्यूटर विषय में स्नेक गेम पायथन, ऑटो मेटिक स्ट्रीट लाइट, स्मार्ट डस्टबिन, वेब पेज डिजाइन ऑफ डीपीएस, गणित में मैजिक कलेंडर जैसे विषयों को प्रदर्शित कर छात्रों ने अपनी सृजनात्मकता का परिचय दिया। विज्ञान मॉडल्स में वॉलकेनिक इरप्सिन, हायड्रोलिक रिजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम, स्मोक प्रोड्यूसर मशीन, मिनी इंवर्टर, विंड मिल जेनरेटर, मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रिक बेल, ओनियन पील अंडर माइक्रोस्कोप आदि मॉडल्स को न केवल बनाया बल्कि विस्तृत जानकारी भी अत्यंत स्पष्ट रूप से दी। विज्ञान प्रदर्शनी में नौवीं के छात्र देवदीप संघाई द्वारा निर्मित वर्किंग पीरियोडिक टेबल का मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा जिसकी विद्यालय के प्राचार्य व अन्य आगंतुकों ने विशेष सराहना की। प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं दी तथा तथा प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं की वैज्ञानिक सोच की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की कल्पनाशीलता तथा रचनाधर्मिता देखने लायक है। छात्र-छात्राओं का यह प्रयास न सिर्फ सराहनीय है बल्कि समाज को संदेश देने वाला भी है।